



MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक170 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 16 मार्च 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

पृष्ठ-2 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

## मोबाईल लोक अदालत में राजीनामें से किया गया प्रकरणों का निराकरण

सिवनी यशोः- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्री राजेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री विकास शर्मा के निर्देशन में दिनांक 15.03.2024 को मोबाईल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसके लिए डॉ. संगीता पी. बर्वे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी की पीठ का गठन किया गया। मोबाईल लोक अदालत में पारिवारिक विवाद से संबंधित कुल 02 प्रकरणों का निराकरण किया गया। प्रकरणों में दोनो पक्षो को समझाईश देने के बाद मोबाईल लोक अदालत में राजीनामें के आधार पर डॉ. संगीता पी. बर्वे, पीठासीन अधिकारी मोबाईल लोक अदालत ने कुल 02 प्रकरणों का सफलता पूर्वक निराकरण किया। लोक अदालत में पीठासीन अधिकारी की सहायता के लिए सुश्री गार्गी शर्मा प्रशिक्षु न्यायाधीश सिवनी एवं श्रीमती पार्वती डहेरिया पैरालीगल वालेन्टियर खण्डपीठ सदस्य के रुप में उपस्थित रही।


## गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि आज

सिवनी यशोः- जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत समर्थन मूल?य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि बढाकर 16 मार्च 2024 कर दी गई है।

## आज भाजपा की केवलारी विधानसभा स्तरीय बैठक

सिवनी यशोः- आगामी 16 मार्च शनिवार को पलारी के शिव शक्ति सेलीब्रेशन में दोपहर 3:00 बजे विधानसभा स्तरीय लोकसभा चुनाव से संबंधित बैठक आयोजित की गयी है । बैठक में केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी फग्गनसिंह कुलस्ते, भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे एवं लोकसभा संयोजक प्रफल्ल मिश्रा एवं विधानसभा स्तरीय चुनाव समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिती मे अयोजित इस बैठक में मंडल के अध्यक्ष समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के मंडल स्तरीय अध्यक्ष/ महामंत्री, भाजपा मंडल केवलारी विधानसभा में निवासरत समस्त जिला पदाधिकारी, जेष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधु, मंडल कार्यकारिणी, शक्ति केंद्र संयोजक/सह संयोजक, बूथ लेवल के कार्यकर्ता गण, नगर परिषद के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, पार्षद गण, जनपद पंचायत के अध्यक्ष/ उपाध्यक्ष एवं भाजपा समर्थित जनपद सदस्य अपेक्षित है । उक्ताशय की जानकारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा केवलारी के संयोजक प्रदीप राय द्वारा प्रदान की गयी है ।

### जबरन नॉलेज




# भारत की कीर्ति पूरी दुनिया में गूंज रही है - प्रहलाद पटेल

### कोहार्ट मिलन कार्यक्रम में पंचायत मंत्री ने प्रबुद्धजनों को किया संबोधित

सिवनी यशोः - देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी के नेतृत्व देश में जो बदलाव हो रहे है उसकी पूरी दुनिया प्रशंसा कर रही है और भारत तेजी से विकास के मार्ग पर बढ़ रहा है । भारत की कीर्ति पूरी दुनिया सुनाई दे रही है यह सब एक संकल्पवान और बेहतर नीतियों का परिणाम है । विकसित भारत का संकल्प मतलब विरासत के साथ विकास है । भाजपा की सरकार ने अपनी नीतियों से देश को आगे ले जाने का कार्य किया है । आज विकसित भारत में हम विश्व में 11 से पांचवें पायदान पर पहुंचे हैं । विकसित भारत के संकल्प में यह तय है कि काम समय पर पूरा होगा और भाजपा ने जो कहा वह पूरा किया इस आशय के उद्गर प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बरघाट नगर के आदर्श लॉन में आयोजित कोहार्ट मिलन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुये व्यक्त किये ।

**नीतियों से समझौता नहीं**

श्री पटेल ने कहा कि भाजपा लगातार पांच वर्ष कार्य करने और सतत काम करने का संकल्प लेने वाली पार्टी है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी ने कार्यकर्ताओं को विकसित भारत संकल्प की जि मेदारी सौंपी है कि वह जन-जन तक इसको लेकर पहुंचे और जनता



से आग्रह करें कि यदि सरकार की जो योजना अच्छी है और आगामी पांच वर्ष में सरकार को या काम करना है, इसको लेकर सुझाव दें । उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने लक्ष्य तय किया है कि विकसित भारत संकल्प को लेकर देश के एक करोड़ लोगों की भागीदारी हो । भाजपा कभी अपनी नीतियों से समझौता नहीं करती और न ही बदलाव करती है. जिसका उदाहरण प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षीय कार्यकाल में हुए कार्य हैं ।

**भव्य राम मंदिर बनाने का संकल्प हुआ पूरा**

श्री पटेल ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में में ज मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का उल्लेख किया था । अयोध्या मे भगवान राम का भव्य मंदिर निर्माण का उल्लेख किया था यह सब असंभव जैसा लगता था । आजादी के बाद से ज मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 का विरोध हो रहा था और पाँच सौ साल से राम मंदिर निर्माण का सपना देखा जा रहा था । प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने ज मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के साथ अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनवाकर अपने संकल्प को पूरा करने का कार्य किया है । देश में विरोधी एक डर का माहौल बनाते रहे और भ्रम फैलाते रहे कि धारा 370 हटायी और मंदिर के पक्ष में फैसला आया तो देश में अराजक स्थिती निर्मित हो जायेगी परंतु दोनों निर्णयों का देश की जनता ने केवल स्वागत किया ।

**योजनाओं पर हितग्राहियों का पूरा अधिकार, बिचौलिये समाप्त**

मंत्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जनधन खाते खोलने का अभियान चलाया तो विपक्षी हाय तौबा मचा रहे कि इन खातो में पैसा कहा से डाला जायेगा आज इन्हीं खातो में सरकार की हर योजना की राशि, मजदूरी, और सरकारी मदद की राशि हितग्राहियों के खाते में आ रही है सरकार ने हितग्राहियों के नाम पर होने वाली लूट को बंद कर दिया । प्रधानमंत्री मोदी ने जीरो टॉलरेंस पर कार्य करते हुए लाभार्थी योजनाओं से बिचौलियों को समाप्त करने का कार्य किया है. कांग्रेस शासनकाल में यूरिया के लिए किसान लाठी खाते थे. प्रधानमंत्री ने पहले नीम कोडेट और अब नैनो यूरिया लाकर किसानों को समुचित यूरिया का संकल्प पूरा किया । मोदी जी के विकास का संकल्प है कि प्रगति, गति के साथ हो. हमने महिला सशक्तिकरण को लेकर महिलाओं को विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत का आरक्षण दिया । गुलामी के दौर में महिलाओं को पर्दे के पीछे ढकेला गया, लेकिन हमारी संस्कृति में नारी का सर्वोच्च स्थान है । देश के विकास में मातृशक्ति की भूमिका भी कम नहीं है आज वे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही है ।

**लोकसभा से पहली बार नारी शक्ति को स मान**

श्री पटेल ने मोदी जी के द्वारा किए गए कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि बालाघाट- सिवनी लोकसभा क्षेत्र से पहली बार महिला प्रत्याशी के रूप में श्रीमती भारती पारधी को उ मीदवार बनाया है इन्हें ऐतिहासिक जीत दिलाने की जि मेदारी आप सभी की है । इसके पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, सांसद डो टर ढालसिंह बिसेन ,भाजपा प्रत्याशी श्रीमती भारती पारधी ने भी अपना संबोधन दिया।

इस अवसर पर बरघाट विधायक कमल मर्सकोले, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन श्रीमती लता ऐलकर, जनपद बरघाट एवं कुरई के अध्यक्ष उपाध्यक्ष मंच पर अनेक जनप्रतिनिधि , जिला पदाधिकारी, बरघाट विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षगण एवं पार्टी के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## बहुचर्चित मामले में विजय सूर्यवंशी को हाईकोर्ट से मिली जमानत

*हाईकोर्ट में सिवनी के वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र शर्मा एवं जबलपुर के अधिवक्ता विशाल डेनियल ने पैरवी कर दिलवाई जमानत

सिवनी यशोः- बरघाट निवासी विजय सूर्यवंशी एवं उनके परिवार के सदस्यों पर संतोष काकोड़िया और पुष्पा तेकाम के द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर अजाक थाना सिवनी में 294, 323, 355, 342, 506, 34, 386, 120 बी, 347, 348, 327, 365, 354 (क) भा.द.वि. 3(1) द, ध, 3(2)(व्ही), 3(2)(व्हीए), 3(1)डब्ल्यू (आईआई) एससी एसटी ऐ ट का प्रकरण में दर्ज था जिसमे पुलिस ने विजय सूर्यवंशी एवं अन्य सदस्यों को गिर तार कर न्यायालय में पेश किया गया था जहा वह न्यायिक अभिरक्षा में थे हाईकोर्ट जबलपुर में अधिवक्ता विशाल डेनियल एवं वरिष्ठ अधिवक्ता वीरेंद्र शर्मा द्वारा पैरवी की गई जहा न्यायालय ने जमानत याचिका के लिए दिए गए तर्को से संतुष्ट होते हुए विजय सूर्यवंशी को जमानत दे दी है।

## शापिंग का पले स की नीलामी 27 मार्च को

सिवनी यशोः- मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि जनपद पंचायत सिवनी के शॉपिं का पले स की 38 दुकानो की नीलामी म.प्र.पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 65 के अंतर्गत म.प्र.पंचायत नियम 1994 के तहत बने नियमों के अनुसार बुधवार 27 मार्च 2024 को दोप. 11 बजे से जनपद पंचायत सिवनी प्रांगण में की जावेगी। इच्छुक बोलीदार को दिनांक 20.03.2024 से 26.03.2024 तक कार्यालयीन समय में अवकाश दिवस को छोडकर प्रत्येक दुकान की निर्धारित अमानत राशि का बैंक ड्रा ट कार्यालय मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी के नाम देय हो को जमा करना होगा। अमानत राशि का बैंक ड्रा ट कार्यालय जनपद पंचायत सिवनी में उक्त समयावधि मे जमा कराकर पावती/परिचय पत्र प्राप्त करना होगा। निर्धारित समयावधि पश्चात बैंक ड्रा ट स्वीकार नहीं किये जावेंगे। दुकानों की नीलामी प्रक्रिया क्रमानुसार 01 से 38 तक की जायेगी।

दुकानों की नीलामी निर्धारित आरक्षण प्रक्रिया एवं प्रारक्षित मूल्य राशि के आधार पर की जायेगी। प्रत्येक दुकान का आरक्षण एवं ऑपसेट प्राईज राशि एवं नियम शर्ते कार्यालयीन समय पर कार्यालय जनपद पंचायत सिवनी में देखी जा सकती है एवं विस्तृत विज्ञापन व शर्ते 50/- जमा कर जनपद पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# सूरज की तरह रौशनी देना सीखे छात्रायें- पटेल

## पुरूस्कार वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सिवनी यशोः- शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में हुई सत्र 2023-24 की विभिन्न गतिविधियों को लेकर पुरूस्कार वितरण आज 16 मार्च को आयोजित किया जायेगा, महाविद्यालय के समस्त संकाय के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 15 मार्च को आयोजित किये गये इस कार्यक्रम में मु यातिथि डॉ. अमिता पटेल प्राचार्य थी कार्यक्रम की संयोजक डॉ. अर्चना चंदेल की उपस्थिति में कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. अमिता पटेल ने कहा कि हमे उस सूरज की तरह बनना है जो बिना भेद भाव के महल से लेकर झोपडो तक सभी रोशन करता है यह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन का मंच आपके अंदर की प्रतिभा



को निखारने वाला मंच है और आपको आगे बढने में सहायक होगा। कार्यक्रम की शुरूआत सीमा चक्रवर्ती द्वारा गणेश वंदना से की गई सरस्वती वंदना संस्कृतिक विश्वकर्मा नृत्य अप्सरा आली इंद्रप्रभा खुशी तिवारी, सात समुंदर पार में तेरे पूजा मालवी, समूह नृत्य जंगल रखवाला आदिवासी प्रेरणा नागवंशी एण्ड ग्रुप महिला सूरमर्दनी एकल नृत्य सोनाली रजक, आयो री शुभदिन आयो री निकिता सिरसाम मुरली की धुन सुन राधि के कुमकुम ग्वालवंशी कंकरिया मारे के जगाया अन्नू सनोडिया, छाप तिलक सब छीनी भारती सतनामी, उडे जब जब जुल्फे तेरी मानसी खुशबू योद्धा बन गई मै डगरिया एकल प्रेरणा नागवंशी में ससुराल नहीं जाऊंगी, शिवानी डहेरिया कौन दिशा में लेके चला रे बटुहिया अन्नू सनोडिया, पतली कमर लचका दे गोरी खुशबू भारद्वाज, राजस्थानी घूमर खुशी तिवारी, लडके ओ रे लडके कहां से आया है रे तू तेजस्वि बघेल, रंगीला मारो ढोलना दीक्षा पटले कुमकुम सालिनी सनोडिया, होलिया में उडे रे गुलाल काजल डहेरिया, प्रेम रतन धन पायो, दीक्षा अहिरवार सारा रा धूमे रे मोरा घाघरा, शिवानी बोपचे ओ रे चिरईया समूह नृत्य, रमती आये कुमकुम दीक्षा अहिरवार गीत मै से ना मीना से ना साकी से ना पैमान से पूजा मालवी, किरण चक्रवती स्वाति पाल, पायल रघुवंशी सहित अनेक लोगो ने अपनी प्रस्तुति दी।

इस कार्यक्रम में प्रभारी प्रो. कल्पना इंगले, डॉ. रूचिका यदु, शेषराव नावगे, समिता शर्मा टीकाराम सनोडिया सोहन अहिरवार सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

## समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन, सीएमएचओ ने दी चेतावनी

सिवनी यशोः- गुरूवार 14 मार्च 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपालगंज में डॉ. श्री जसपाल सिंह ठाकुर मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिवनी, श्री अतुल करकरे, सीओसूएनडीपी जबलपुर, डॉ. आर. के. धुर्वे, जिला टीकाकरण अधिकारी सिवनी एवं डॉ. राजेन्द्र कुमार बीएमओ गोपालगंज की उपस्थिति में खण्ड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक में टीकाकरण कार्यक्रम के अतर्गत यूविन पोर्टल के क्रियान्वयन पर समीक्षा गयी। समीक्षा के दौरान यूविन पोर्टल पर एएनएम ?द्वारा पंजीयन नहीं किये पर मु य चिकित्सा एवं स्वास?थ?य अधिकारी दवारा नाराजगी व्यक्त की गयी। उप स्वास्थ्य केन्द्र छत्तरपुर, दिघोरी, कतरवाडा, आमाकोला, बखारी में



कार्य निरंक होने पर संबंधित एएनएम को अंतिम चेतावनी प्रदान कर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये एवं समयावधि में कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर बीएमओ को कार्यवाही हेतु प्रस्ताव भेजने के निर्देश प्रदान किये गये। सीओयूएनडीपी श्री अतुल करकरे जबलपुर संभाग द्वारा अन्य उप स्वास्थ्य केन्द्र को भी एक सप्ताह में शतप्रतिशत पंजीयन हेतु निर्देश दिये गये। समीक्षा बैठक में अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गयी। मु य रूप से हाई रिस्क गर्भवति माताओं की पहचान, उपचार, प्रबंधन एवं रेफरल पर विस्तार से चर्चा किया जाकर समस्त सीएचओ/एएनएम को स्पस्ट निर्देश दिए गये कि सभी खतरे वाली गर्भवति माताओं का समय-समय पर फालोअप सुनिश्चित किया जाये। बैठक में संभाग एवं जिला स्तरीय अधिकारीयों के अतिरिक्त बीएमओ गोपालगंज, व्हीसीसीएम सिवनी, आर आई डीएम बीपीएम, बीईई अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मातृशक्ति का हुनर अब परिवार की आर्थिक ताकत बन रहा है - प्रहलाद पटेल

## धारना एवं पौनार में हितग्राही संवाद में पंचायत एवं ग्रामीण मंत्री ने मातृशक्ति के सार्थक प्रयासों को सराहा

सिवनी यशो :- मातृशक्ति में बहुत कौशल है परंतु इसे व्यापारिक स्वरूप देकर उनकी प्रतिभा को परिवार की आर्थिक संपन्नता में बदलने का अवसर भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने दिया है जिससे पूरे देश में व्यापक बदलाव का दिखाई दे रहा है । मातृशक्ति ने स्वसहायता समूहों के माध्यम आत्मनिर्भरता की ओर अपने सार्थक प्रयास किये है । गुलामी के दौर में महिलाओं को पर्दे के पीछे ढकेल दिया गया था जिन्हें भाजपा की सरकार ने अवसर प्रदान कर उनके हुनर के माध्यम से परिवारों को खुशहाल बनाने का काम किया और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब बैंको में जनधन खाते खुलवाने प्रारंभ किये तो विरोधी मजाक उड़ा रहे थे कि उनके खाते में पैसे आयेंगे कहा से परंतु आज उन्हीं महिलाओं के खाते में सरकारी योजनाओं और उनके द्वारा किये जा रहे उद्यम से बड़ी धन राशि जमा हो





रही है । देश में तेजी से हो रहे बदलाव में मातृशक्ति शामिल होकर बराबरी का योगदान देने के लिये पूरी क्षमता से जुट रही है जो सुखद भविष्य का संकेत है । इस आशय की बात मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने धारना में आयोजित हितग्राही संवाद कार्यक्रम में कही ।

श्री पटेल ने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी का सर्वोच्च स्थान है दिया गया है गौरवशाली भारत के निर्माण में महिलाओं की सहभागिता तेजी से बढ़ रही है महिलाओं के पास में जो हुनर था वह परिवार तक सीमित कर दिया गया था परंतु उन्हें अवसर देकर सरकार ने परिवार की समृद्धि का रास्त प्रशस्त कर दिया है । सरकार ने जो जनधन के खाते खुलवाये थे उसके माध्यम से वृद्धाओं, दिव्यांगो, जनकल्याण से जुड़े व्यक्तियों को बिना बिचौलिओं के सीधा लाभ तो प्राप्त हो ही रहा है बैंक से लेनदेन करते हुये महिलाओं ने अपनी प्रतिभा और हुनर से परिवारों को समृद्धि देने के साथ अनेक महिला समूह उल्लेखनीय उत्पाद निर्माण कर रहे है । श्री पटेल ने कहा कि देश में तेजी से हो रहे बदलाव में मातृशक्ति की भागीदारी कम नहीं है वे पुरूषो के साथ कंधे से कधा मिलाकर अपना योगदान दे रही है । कैबिनेट मंत्री श्री पटेल गुरूवार को बालाघाट लोकसभा क्षेत्र के प्रवास पर थे और उन्होंने प्रवास का शुभारंभ आष्टा काली मंदिर में दर्शन के साथ प्रारंभ किया था और बालाघाट जिले में अनेक कार्यक्रमों के पश्चात धारना पौनार तथा बरघाट में कार्यक्रम में शामिल हुये बरघाट में देर रात्रि तक कार्यक्रम चलते रहा ।

**डॉ. भारती ने कहा विकास की यात्रा अनवरत चलेगी**

कार्यक्रम उपस्थित बालाघाट लोकसभा से भाजपा की प्रत्याशी डॉं. भारती पारधी ने कहा कि भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है आप सभी मुझे विजयी बनाकर मोदी सरकार को मजबूत करें भाजपा के विकास की यात्रा अनवरत चलते रहेगी और मै विश्वास दिलाती हूँ कि विकास और जनता की समस्याओं के निराकरण में पूरी क्षमता से कार्य करूंगी ।

**हमारे समूह की बहिने आर्थिक रूप से सक्षम बनी - श्रीमती बोपचे**

धारना एवं पौनार में महिला हितग्राहियों ने समूहों की सफलता के लिये देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा की कल्याणकारी सरकार की तारीफ की और बताया कि उनके महिला समूह का कारोबार कुछ ही वर्षो में लाखों में पहुँच गया है उनके समूह की महिलाएँ अनेक तरह के रोजगार करते हुये परिवार को आर्थिक संबल प्रदान कर रही है । धारना में स्वसहायता समूह की श्रीमती बोपचे ने बताया कि उनके समूह ने कुछ समय में इतना विस्तार किया है कि अब समूह की बहने लाखों का लेनदेन कर रही है, ये वही महिलाएँ है जो स्वयं के खर्चे के लिये पति पर आश्रित रहती थी और जिसके कारण परिवार में विवाद भी होते थे परंतु वे महिलाएँ अब परिवार को आर्थिक मदद करने में सक्षम बन गयी है ।

धारना एवं पौनार में आयोजित हितग्राही संवाद कार्यक्रम सांसद डॉं.ढालसिंह बिसेन, बालाघाट लोकसभा प्रत्याशी डॉं. भारती पारधी भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, महिला नेत्री श्रीमती लता ऐलकर, बरघाट विधायक कमल मर्सकोले, भाजपा नेता नरेन्द्र टांक, सुदामा गुप्ता, भाजपा जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा, बरघाट विधानसभा प्रभारी डां. अभिजीत चौहान, धारना मंडल अध्यक्ष विजय रांहगडाले, सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता और कार्यकर्त्ता तथा हितग्राही स्वसहायता समूह उपस्थित रहे ।

## प्रदेश सरकार क्षेत्र के चहुँमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध - ऊर्जा मंत्री तोमर

*4 करोड 19 लाख रूपये की लागत के विकास कार्यों का किया लोकार्पण*

भोपाल । ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्यु न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर की विभिन्न कॉलोनियों के विद्युतीकरण कार्य के लोकार्पण के अवसर पर कहा कि क्षेत्र के चहुमुँखी विकास के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार सभी की भागीदारी से उपनगर ग्वालियर में विकास के नये आयाम जोड़ेगी। उन्होंने कहा उपनगर ग्वालियर में तेजी के साथ स्वास्थ्य, विद्युत, शिक्षा एवं सड़कों के कार्य किए जा रहे हैं। इसका लाभ हमारी आने वाली पीढ़ी को भी मिलेगा।



इस अवसर पर तानसेन जोन कार्यालय के नवीन कार्यालय भवन का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि तानसेन जोन स्मार्ट कार्यालय बनाया जा रहा है। यहाँ उपभोक्ता सेवा केन्द्र पर विद्युत उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बिल जमा करना, ऑनलाइन शिकायत दर्ज करना, विद्युत कने शन लेना इत्यादि विद्युत से संबंधित सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। उपनगर ग्वालियर की 50 से अधिक कॉलोनियों में 4 करोड 19 लाख रूपये की लागत से विकास कार्यों का लोकार्पण किया जा रहा है, जिससे 50 कॉलोनियों के 2500 से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि इस क्षेत्र में घरों के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन को शि ट करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि उपनगर ग्वालियर में दो नए खेल मैदान बनाए जाएंगे। इसी तरह लाइन न बर-4 में भव्य पार्क बनेगा, आरपी कॉलोनी के पार्क का सौंदर्यीकरण होगा। इसके साथ ही चंदनपुरा का नाला, चंदन नगर श्मशान का नाला एवं बरा गांव के नाले का कार्य भी शीघ्र प्रारंभ होने वाला है। साथ ही किलागेट के सौंदर्यीकरण के लिए भी राशि मंजूर हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जेसी मिल के मजदूर ल बे समय से संघर्षरत थे, अब उनके हित में फैसला होने वाला है।

इस अवसर पर जन-प्रतिनिधि एवं बडी सं या में नागरिक उपस्थित थे।

# सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे गरीब के खाते में आयेगा

**प्रधानमंत्री श्री मोदी ने किया पीएम-सूरज पोर्टल का शुभारंभ**

**पीएम सूरज पोर्टल वंचित वर्ग के लिए मददगार - मु यमंत्री**

भोपाल । भारत सरकार की योजनाओं के साथ अन्य योजनाओं का पैसा गरीब के खाते में सीधे पहुंचेगा। अब न कोई बिचौलिया, न कमीशन लेने वाला होगा और सिफारिश के लिए किसी गरीब को चक्कर काटने की जरूरत नहीं होगी। पीएम-सूरज पोर्टल के जरिए वंचित समुदाय में लोगों का आर्थिक सहायता दी जायेगी।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज सामाजिक उत्थान एवं रोजगार आधारित जनकल्याण (पीएम-सूरज) पोर्टल का शुभारंभ% किया । उन्होने कहा कि राष्ट्रवासी मेरे परिवार के सदस्य हैं। नागरिक भी अब कहने लगे हैं कि हम मोदी का परिवार हैं। सरकार पिछले 10 वर्षों से नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम कर रही है। नारी स मान और सशक्तिकरण हमारे संकल्प का हिस्सा है। देश के करीब सवा पांच सौ जिलों के हितग्राही वर्चुअली कार्यक्रम से जुड़े। अनेक योजनाओं के हितग्राही लाभांन्वित किए गए।



प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य है। इस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि पूर्व वर्षों में वंचित वर्ग के महत्व को समझा नहीं गया। एक दूषित मानसिकता बन गई थी। उस मानसिक दीवार को अब तोड़ दिया गया है। निर्धन तबके के लोगों की कई पीढ़ियों ने अपना जीवन मूलभूत सुविधाओं के बिना ही बिता दिया। वर्ष 2014 से %सबका साथ-सबका विकास% के सिद्धांत पर अमल किया जा रहा है। सरकार लोगों तक पहुंच रही है। एक समय था जब राशन प्राप्त करना ही मुश्किल होता था। अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के लोगों को हाशिए पर डाल दिया गया था। अब उन सभी की परवाह की जा रही है, जिनकी परवाह पहले नहीं की गई। गत 10 वर्ष में वंचितों को स मान भी दिया गया है। आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना में गैस चूल्हा प्रदान किया गया है। स्कॉलरशिप और फैलोशिप में वृद्धि की गई है। मुद्रा योजना का लाभ जरूरतमंदों को दिया गया है। डॉ. अ बेडकर से जुड़े पंच तीर्थों के विकास का कार्य हुआ है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सीवर और सेप्टिक टेंक श्रमिकों को आज पीपीई कीट दी जा रही है। अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के सफल स्टार्टअप में वेंचर कैपिटल फंड स्कीम/अ बेडकर सोशल इनोवेशन इन्‍ यूयबेशन मिशन के अंतर्गत लाभ दिया जा रहा है। आज ऐसे लाभार्थियों से चर्चा करने का अवसर भी मिला है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अब वंचित, पिछड़े समाज के कल्याण में पूरा देश साक्षी बन रहा है। देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के रूप में अनुसूचित जाति और जनजाति के व्यक्ति पदासीन हुए हैं। एक लाख वंचित वर्ग के लाभार्थियों में 720 करोड़ रुपए की सहायता राशि सीधे बैंक खातों में भेजी गई है। आज 500 से ज्यादा जिले जुड़े हैं। यह हमारी सरकार में ही एक ि लक से गरीब को सीधे पैसा पहुंचाने का लाभ पहुंचता है।

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार से आनलाइन इस कार्यक्रम भागीदारी की। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी अभिनंदन के पात्र हैं। वे जनकल्याण की दृष्टि से बारीक बातों का भी ध्यान रखते हैं। स पूर्ण आबादी को स्वच्छ और स्वस्थ रखने वाले सफाई कर्मचारियों के हित में उन्होंने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन्हें आयुष्मान कार्ड भी प्रदान किया गया है। सरकार का प्रयास है कि नगरीय निकायों में सफाई करने वाले श्रमिकों को सुरक्षा और स मान दोनों प्राप्त हों। नया पोर्टल कमजोर वर्गों के स मान, रोजगार और कल्याण के लिए संचालित योजनाओं को एकीकृत रूप से सहायता मुहैया करवाएगा। एक दिन में ही ऋण प्रकरण मंजूर हो जाएंगे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की महत्वपूर्ण अर्थ व्यवस्था हो गया है। इंग्लैंड जैसे देश जिन्होंने कभी भारत को परतंत्र रखा अब हमसे मित्रता चाहते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी से मिलकर अनेक राष्ट्राध्यक्ष स्वयं को स मानित महसूस करते हैं। गत दस वर्ष में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हुए विकासपरक कार्यों से भारत ने विशिष्ट स्थान बनाया है। जब मोदी जी ने स्वच्छता का संकल्प लिया तो पूरे देश की तस्वीर बदल गई। मध्यप्रदेश में इंदौर को सात बार स्वच्छतम शहर का अवार्ड मिला। मध्यप्रदेश भी दो बार अवार्ड प्राप्त कर चुका है। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में जनजातीय वर्ग के स मान के लिए महत्वपूर्ण कार्य हो रहा है। टंट्या मामा के नाम से खरगोन में नया विश्वविद्यालय प्रारंभ हो रहा है। एक समय था जब हमारे क्रांतिवीर अपमानित हो जाते थे। स्वतंत्रता के पश्चात अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधियों को स मान नहीं दिया गया। आज इस वर्ग की देश में श्रीमती मुर्मु राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर रही हैं। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि धार जिले में भी वीर सेनानी हुए हैं। मु यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न योजनाओं में लाभार्थियों को हितलाभ प्रदान किए। प्रारंभ में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के विभिन्न स्थानों से जुड़े कुछ लाभार्थियों से संवाद किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के चयनित लाभार्थियों से संवाद किया। इनमें सबसे पहले इंदौर के नरेंद्र सेन से उन्होंने संवाद किया। इस अवसर पर इंदौर के सांसद श्री शंकर लालवानी और अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सरकारी एवं प्राइवेट अस्पताल और क्लिनिक RTI के दायरे में, सूचना आयुक्त का फैसला

भोपाल। अब RTI के तहत आप 30 दिन के भीतर राज्य के किसी भी ि लनिक और अस्पताल के रजिस्ट्रेशन एवं संचालन के अप्रूवल संबंधी जानकारी ले सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग को जारी इस अहम निर्णय में सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सीधे तौर पर जनता से जुड़ा हुआ विषय है और इस जानकारी को देने से अवैध रूप से संचालित चिकित्सालय और अस्पतालों पर लगाम लगेगी।

**इस अपील प्रकरण में जानकारी माँगी थी**

जबलपुर की श्रीमती सुनीता तिवारी ने जबलपुर में मालवीय चौक स्तिथ स्टार हास्पिटल डॉ0 राजीव जैन, के वर्ष 2020 से 2021 व वर्ष 2022 के रजिस्ट्रेशन से संबंधित स पूर्ण दस्तावेज ऋक्षद्ध में मांगे थे। सुनीता ने ऑनलाईन सुनवाई में बताया गया कि उन्हें आवेदन में चाही गई जानकारी अप्राप्त है। सुनीता का आरोप है कि चिकित्सा में लापरवाही से उनकी बच्ची की मृत्यु हो गई थी और उक्त चिकित्सालय डॉ0 राजीव जैन द्वारा अवैधानिक रूप से चलाया जा रहा है। लेकिन इस जानकारी को जबलपुर के मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सुनीता तिवारी को उपलब्ध नहीं कराई वही सुनीता तिवारी की प्रथम अपील पर संचालक स्वास्थ्य ने जानकारी देने के लिए मु य चिकित्सा अधिकारी को आदेशित किया लेकिन उसके बावजूद सुनीता तिवारी को कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई। सुनवाई के दौरान मु य चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी आयोग में ना तो उपस्थित हुए ना ही कोई जवाब प्रस्तुत किया।

**जानकारी देने से अस्पतालों के संचालन में आयेगी कसावट- आयोग**

राज्य में सभी अस्पताल एवं चिकित्सालय की जानकारी को आरटीआई अधिनियम के अधीन लाने के आदेश के साथ ही सूचना आयुक्त राहुल सिंह ने कहां कि जबलपुर के निजी अस्पताल में भीषण अग्निकांड के चलते हुई जनहानि आयोग के संज्ञान में है। उस प्रकरण में भी निजी अस्पताल द्वारा नियम कानून को ताक पर रखकर अस्पताल संचालित किया जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग की जवाबदेही इस तरह के अवैध रूप से संचालित चिकित्सालयों और अस्पतालों पर रोक लगाने की है, परन्तु जबलपुर अग्निकांड में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही भी मु य रूप से परिलक्षित हुई थी। सिंह ने यह भी कहा कि अवैध रूप से संचालित चिकित्सालय एवं अस्पताल सीधे तौर पर आम जनता की जान से खिलवाड़ है ऐसे में जनता को यह जानने का अधिकार है कि अस्पताल शासन द्वारा स्थापित मापदंड के अनुरूप चल रहा है या नहीं। सूचना आयुक्त ने माना कि चिकित्सालय और अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन संबंधी जानकारी देने से अस्पतालों और चिकित्सालयों के संचालन की व्यवस्था पारदर्शी एवं स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुरूप व्यवस्था में जवाबदेही भी सुनिश्चित हो सकेगी।

**अस्पतालों की जानकारी को रोकना अवैध-आयोग**

सूचना आयुक्त सिंह ने प्रमुख सचिव, मध्य प्रदेश शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, को जारी निर्देश में कहा है कि वे इस आदेश की प्रति राज्य के समस्त जिला मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को उपलब्ध करवाते हुए, सभी अधिकारी को निर्देशित करे कि ऋक्षद्ध आवेदन दायर होते ही 30 दिनों के भीतर अस्पताल और चिकित्सालय की जानकारी आवेदक को उपलब्ध करवाएं।

## स्टायपेंड बढ़ाने के उप मुख्यमंत्री शुक्ल के निर्देश पर त्वरित एक्शन

### लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृति आदेश जारी

भोपाल। उप मु यमंत्री श्री राजेंद्र शु ल के निर्देश पर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के जूनियर डॉ टर्स के मासिक स्टायपेंड में वृद्धि के स्वीकृति के आदेश लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी कर दिये गये हैं।

डिप्लोमा/पी.जी. प्रथम वर्ष का मासिक स्टायपेंड 69 हज़ार 115 रुपये से बढ़कर 72 हज़ार 633 रुपये, डिप्लोमा/पी.जी. द्वितीय वर्ष का मासिक स्टायपेंड 71 हज़ार 241 रुपये से 74 हज़ार 867 रुपये, सुपर स्पेशिलिटी प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष तथा पी.जी. तृतीय वर्ष का मासिक स्टायपेंड 73 हज़ार 368 रुपये से 77 हज़ार 102 रुपये, इंटर्न का मासिक स्टायपेंड 12 हज़ार 760 रुपये से 13 हज़ार 409 रुपये, सीनियर रेसीडेंट का मासिक स्टायपेंड 80 हज़ार 811 रुपये से 84 हज़ार 924 रुपये और जूनियर रेसीडेंट का मासिक स्टायपेंड 56 हज़ार 355 रुपये से बढ़कर 59 हज़ार 223 रुपये की स्वीकृति विभाग द्वारा की गयी है। यह वृद्धि 1 अप्रैल 2023 से निर्धारित की गयी है।

**एमजीएम इंदौर के चिकित्सा शिक्षकों का वरिष्ठ पद पर उन्नयन**

उप मु यमंत्री श्री शु ल ने प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में अधोसंरचना विकास और मैनपॉवर प्रबंधन दोनों घटकों को प्राथमिकता दी है। विभागीय समीक्षा बैठक और विशेषज्ञों से चर्चा में चिकित्सकीय स्टाफ की पर्याप्त उपलब्धता और उनके हितों को महत्व दिया है। इसी क्रम में उप मु यमंत्री श्री शु ल के निर्देश पर एमजीएम इंदौर के चिकित्सा शिक्षकों का वरिष्ठ पदों पर उन्नयन के लंबित प्रकरण का त्वरित निराकरण किया गया। विभिन्न विभागों के 12 चिकित्सा शिक्षकों के वरिष्ठ पद पर उन्नयन के आदेश जारी कर दिये गये हैं।

## घूसखोरी में गिर तार बंसल ग्रुप के डायरेक्टर समेत आठ आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज



भोपाल। सड़क निर्माण का टेंडर हासिल करने के लिए रिश्वत के मामले में गिर तार बंसल ग्रुप के डायरे टर समेत आठ आरोपियों की कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी।

सीबीआई की विशेष कोर्ट में बंसल ग्रुप के डायरे टर अनिल बंसल समेत आठ आरोपियों की जमानत याचिका दाखिल की गई थी। कोर्ट ने सुनवाई के बाद मामला गंभीर प्रवृत्ति का मानते हुए अर्जी निरस्त कर दी।

बता दें केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 20 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के दो अधिकारियों, निजी कंपनी के दो निदेशकों समेत आठ लोगों को गिर तार किया था। गिर तारी के बाद आरोपियों के ठिकानों पर मारे गए छापे और 20 लाख रुपये घूस की रकम मिलाकर सीबीआई ने एक करोड़ 10 लाख रुपये जब्त किए थे। सीबीआई ने एनएचएआई के नागपुर में पदस्थ महाप्रबंधक अरविंद काले, हरदा में पदस्थ उप महाप्रबंधक बृजेश कुमार साहू, भोपाल स्थित बंसल कंस्ट्रे शन कंपनी के निदेशक अनिल बंसल व कुणाल बंसल और बंसल कंस्ट्रे शन कंपनी के कर्मचारी सी कृष्णा और छतर सिंह को गिर तार किया था।

## महिला एजेंट ने मृतक युवक की पत्नी बन ली बीमा की राशि, पीड़िता विधवा को भनक लगी तो पहुंची थाने

उज्जैन। उज्जैन जिले में युवक की मौत के बाद उसकी पत्नी का आधार कार्ड हड़पने के बाद महिला एजेंट ने साथी मिलकर 24 लाख की धोखाधड़ी को अंजाम दे दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद महिला और उसके साथी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। अब आरोपी महिला की गिर तारी के लिए एक पुलिस टीम देवास भेजी जाएगी।

शाजापुर के ग्राम सुनेरा में रहने वाली टीना नामक महिला के पति रोहित की जून 2023 में मौत हो गई थी। उसका एलआईसी में बीमा था। मृतक की पत्नी टीना ज्यादा पढ़ी लिखी नहीं है। उसने बीमा राशि प्राप्त करने के लिए बीमा एजेंटों से संपर्क किया। देवास की रहने वाली पूजा और धर्मेन्द्र सासी से संपर्क होने पर दोनों ने टीना के कम पढ़े लिखे होने का फायदा उठाते हुए उसका आधार कार्ड और पेनकार्ड प्राप्त करते हुए उससे मृतक पति से संबंधित सभी दस्तावेज ले लिए। पूजा ने आधार कार्ड को एडिट करते हुए मृतक रोहित की पत्नी टीना के स्थान पर अपना फोटो लगा लिया और एलआईसी में जमा कर दिया। 24 लाख की बीमा राशि आने पर पूजा ने एलआईसी से चैक प्राप्त कर लिया और एचडीएफसी में खाता भी खुलावा लिया। जहां चैक जमा करने के बाद दो बार में 19 लाख 80 हजार की राशि भी निकाल ली।

इधर, टीना को एलआईसी से बीमा राशि का चैक जारी होने की जानकरी लगी तो उसने इसे लेकर और जानकारी जुटाई, तब उसे पूजा और उसके साथी द्वारा धोखाधड़ी करने का पता चला। टीना ने माधवनगर थाने में दोनों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। एसआई पवन वास्कले ने बताया कि जांच के बाद मामले में धोखाधडी का प्रकरण दर्ज किया गया है। धोखाधड़ी करने वाली महिला और उसके साथी के देवास का पता सामने आया है। दोनों की गिर तारी के लिए टीम रवाना की जाएगी।

## मजदूर की मौत के बाद सड़क पर प्रदर्शन

भोपाल। सौंसर में मेग्नीश खदान धंसने से एक मजदूर की मौत हो गई। इस दौरान हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई जबकि 2 मजदूर घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। हादसे में मजदूर कृष्णा पिंग (47) की मौत हो गई, जबकि संतराम पिता राधो तुमराम (45) निवासी गाजनडोह, गंगाधर (50) निवासी रोहना और अजय खातरकर (38) निवासी दमुआ घायल हो गए। घायलों को गंभीर हालत में नागपुर रिफर किया गया है।

# क्रांतिसूर्य टंट्या भील और तात्या टोपे विश्वविद्यालय का शुभारंभ

### निमाड़ और गुना अंचल के विद्यार्थियों को नए विश्वविद्यालयों में मिलेगी शिक्षा, आने वाले समय में कृषि विज्ञान भी पढ़ाएंगे- मु यमंत्री

**557 करोड़ रुपए लागत की सिंचाई परियोजनाओं का हुआ उद्घाटन**

**खरगोन जिले में होगी 74 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र में अतिरिक्त सिंचाई**

**प्रधानमंत्री श्री मोदी की कार्य संस्कृति के अनुकूल मध्यप्रदेश में हो रहा कार्य**




भोपाल। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि निमाड़ अंचल के विद्यार्थियों को अब इंदौर और उज्जैन विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए नहीं जाना होगा। क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन में अन्य विषयों के साथ ही आने वाले समय में कृषि विज्ञान की शिक्षा भी प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय परिसर तक आने जाने के लिए बस की व्यवस्था भी की जाएगी। %मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज खरगोन में टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन का शुभारंभ कर रहे थे। इस अवसर पर मु यमंत्री डॉ. यादव ने क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना का डिजिटल लॉन्च भी किया। मु यमंत्री डॉ. यादव ने 557 करोड़ रुपए लागत की सिंचाई योजनाओं का उद्घाटन भी किया।

**प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निमाड़ की धरती वीरों की धरती है। यहां बाजीराव पेशवा ने प्राण त्यागे थे। वर्ष 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वीर टंट्या भील ने अंग्रेजों से लोहा लिया था। उनके प्रति मध्यप्रदेश सरकार ने आदर व्यक्त करते हुए खरगोन के नए विश्वविद्यालय का नाम क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय रखा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2020 में नई शिक्षा नीति लागू की। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने इस नीति के अच्छे क्रियान्वयन की उपलब्धि अर्जित की। खरगोन और गुना के नए विश्वविद्यालयों में सभी विषयों की शिक्षा की व्यवस्था रहेगी। पाठ्यक्रमों में कृषि विज्ञान भी भविष्य में जोड़ा जाएगा। ये विश्वविद्यालय और इनसे जुड़े महाविद्यालय आने वाले समय में सिर्फ डिग्री नहीं देंगे बल्कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और प्राचीन स यता के अध्ययन का माध्यम भी बनेंगे। देश में अयोध्या, काशी से लेकर उज्जैन और ओंकारेश्वर विशेष श्रद्धा के केंद्र बने हैं। भारत की पताका समूचे विश्व में लहरा रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी विराट व्यक्तित्व के धनी हैं। सभी राष्ट्र भारत से मित्रता के इच्छुक रहते हैं। मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री जी की कार्य संस्कृति के अनुकूल कार्य हो रहा है। ये बदलते दौर का मध्यप्रदेश है। खरगोन में विश्वविद्यालय प्रारंभ करने की घोषणा को आज पूरा किया गया है। निमाड़ अंचल के खरगोन सहित बड़वानी, अलीराजपुर, खण्डवा और बुरहानपुर जिले के लगभग 63 हजार विद्यार्थी भी नए विश्वविद्यालय से लाभान्वित होंगे। इसी तरह गुना में प्रारंभ तात्या टोपे विश्वविद्यालय गुना सहित अशोक नगर और शिवपुरी जिलों के लगभग 61 हजार छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी होगा। गुना अंचल के विद्यार्थियों को ग्वालियर विश्वविद्यालय जाने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दो दिवस में 3 विश्वविद्यालय प्रारंभ करने का महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नए विश्वविद्यालयों के लिए आवश्यक बजट सहित जरूरी पद भी स्वीकृत किए गए हैं। मध्यप्रदेश में अन्य प्रदेशों के मुकाबले उच्च शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों की रूचि निरंतर बढ़ी है। देश में मध्यप्रदेश, ग्रास एनरोलमेंट रेशियो की दृष्टि से बेहतर है। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की उपलब्धियों पर केंद्रित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

**557 करोड़ रुपए लागत की सिंचाई परियोजनाओं का शुभारंभ और हितग्राहियों को लाभ**

मु यमंत्री डॉ. यादव ने खरगोन में 557 करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं से 114 ग्रामों में 74 हजार 110 एकड़ भूमि में अतिरिक्त सिंचाई क्षमता विकसित होगी। मु यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की कृषि विकास दर पच्चीस प्रतिशत से आगे चली गई है। मु यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर विभिन्न लाभार्थियों को हितलाभ वितरित किए। इनमें अनुसूचित जाति के हितग्राही श्री भूरेसिंह को 12 लाख रूपए राशि का चेक, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत दिया गया। इसी तरह कृषि विभाग से दो हितग्राहियों श्री नरेंद्र पटेल, श्री कालू और जिला पंचायत खरगोन द्वारा मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत श्रीमती वैशाली एवं श्रीमती प्रज्ञा को और आशा स्व-सहायता समूह को चेक प्रदान किये गये।

**जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति**

विश्वविद्यालयों के शुभारंभ कार्यक्रम, सिंचाई परियोजनाओं के उद्घाटन और हितग्राहियों को हितलाभ कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि निमाड़ की पावन धरती पर मु यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत है। मध्यप्रदेश तेजी से विकास की तरफ बढ़ रहा है। कार्यक्रम में सांसद श्री गजेंद्र पटेल, राज्य सभा सदस्य श्री सुमेर सिंह सोलंकी, विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार, श्री सचिन बिरला, श्रीमती मंजू राजेन्द्र दादू, श्रीमती छाया, श्री राजकुमार मेव और जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। मु यमंत्री डॉ. यादव को तीरकमान भेंटकर, जैकेट पहना कर तथा बड़ी पुष्पमाला से स्वागत किया गया।

## कॉलोनाइजर ने डाली अवैध बिजली लाइन, चार लोगों पर एफआईआर दर्ज

**विजिलेंस टीम ने की कार्रवाई, 11 के.वी. के पोल सहित अवैध ट्रांसफार्मर भी मिला**

भोपाल । मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की विजिलेंस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुरैना में चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार गोकुल धाम कॉलोनी के लिए बिजली कंपनी की अनुमति लिए बिना ही कॉलोनाइजर एवं प्रॉपर्टी मालिक ने 11 के.वी. के पोल सहित बिजली की अवैध लाइन खड़ी कर ली। इसे लेकर विजिलेंस टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए बुधवार को संबंधित चार लोगों के खिलाफ सिविल लाइन थाने में विद्युत अधिनियम की धारा-139 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

विजिलेंस के सहायक यंत्री श्री पुलस्त्य पांडेय ने सिविल लाइन थाने में सूचना दी कि बिजली चोरी की चैकिंग के दौरान जौरा रोड पर बसाई गई गोकुल धाम कॉलोनी में अवैध लाइन खींचकर बिजली चोरी की जा रही है। उन्होंने देखा तो पाया कि वहाँ कॉलोनाइजर श्री अजय माहौर ने श्री दिनेश जैन और श्री हर्षल शर्मा के साथ मिलकर 11 के.वी. लाइन के 6 पोल, एल.टी. लाइन के 20 पोल समेत एक अमानक ट्रांसफार्मर लगा रखा है।

प्रथम सूचना रिपोर्ट में बताया गया कि बिजली का अवैध इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए प्रॉपर्टी मालिक श्री अशोक गुप्ता ने बिजली कंपनी से किसी तरह की कोई अनुमति नहीं ली है। अवैध लाइन को बिजली कंपनी की मु य लाइन से जोड़ दिया गया। विजिलेंस टीम ने चैकिंग के दौरान पाया कि गोकुल धाम कॉलोनी में 50 प्लॉट काटकर उनकी रजिस्ट्री भी की जा चुकी है। बुधवार को विजिलेंस ए.ई. श्री पांडेय की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने उक्त चारों आरोपियों के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा-139 के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# गर्मी से मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव तथा रोगो से बचाव एवं उपचार हेतु एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण स पन्न

सिवनी यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि राष्टीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 14/03/2024 को विभागांतर्गत समस्त विकासखण्ड के फार्मासिस्टं, स्टा्फ नर्स एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर कर्मचारियों की आईएचआईपी-एचआरआई (हीट रिलेटेड इलनेस) विषय पर एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन कार्यालय सभाकक्ष में किया गया।



उक्त उन्मुखीकरण कार्यशाला में स्वास्थ्य संस्थाओं में गर्मी से प्रभावित मरीजो से निपटने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने एवं गर्मी से संबंधित रोगो के संदिग्ध मरीजो के त्वरित मूल्यांकन हेतु मानक उपचार प्रोटोकॉल का पालन, अस्पताल की क्षमता के अनुसार तापघात के मरीजो के लिए पृथक बिस्तर की व्यावस्था, अतिआवश्यक कॉल के लिए रैपिड रिस्पान्स टीम साथ ही पर्याप्तत मात्रा में जीवन रक्षक औषधियां की पर्याप्ते व्युवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही गर्मी से मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव तथा रोगो से बचाव एवं उपचार हेतु सभी जन सामान्य से अपील भी की गई।

लू से बचाव के लिए गर्मी के दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकलें। गर्मी के मौसम में गर्दन के पिछले भाग कान व सिर को गमछे या तौलिये से ढंककर ही धूप में निकले। रंगीन चश्मेंप व छतरी का प्रयोग करें। हमेशा पानी की अधिक मात्रा में पीयें एवं पेय पदार्थो का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन करें। बाहर जाते समय अपने साथ पानी रखें। गर्मी के दिनों में बच्चों का विशेष ध्याधन रखें। बच्चों को सिखायें कि जब भी उन्हेस अधिक गर्मी महसूस हो तो वे तुरंत घर के अंदर आये। साथ ही बुजुर्गो का भी विशेष ध्योन रखे। उन्हेंन धूप में घर से बाहर न निकलने दें व उन्हें समय समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें एवं सुपाच्या भोजन तथा तरल पदार्थो का सेवन करवायें। गर्मी के दिनों में ठण्डे मौसमी फल का सेवन करें साथ ही तीव्र धूप को अंदर आने से रोके।

इसके साथ ही लू से बचाव के लिए नि न कार्यो को करने से बचना चाहियें- जैसे बिना भोजन किये बाहर न निकलें। जहां तक संभव हो ज्या दा समय तक धूप में खड़े होकर व्योयाम मेहनत/अन्य कार्य न करे। बहुत अधिक भीड़, गर्म घुटन भरे कमरों में न जाये। रेल, बस आदि की यात्रा गर्मी के मौसम में अत्यावश्यक होने पर ही करें। बच्चों एवं बुजुर्गो को दिन के सबसे गर्म समय जैसे- दोपहर 12:00 बजे से 04:00 बजे तक घर से बाहर की गतिविधियों में शामिल ना होने दें। धूप में बच्चों और पालतू जानवरों को गाड़ी में अकेला न छोड़े। धूप में नंगे पाव न चले। चाय, कॉफी अत्यलधिक मीठे पदार्थ व गैस वाले पेय पदार्थो का सेवन न करें।

लू लगने पर नि न लक्षण दिखाई देते है जैसे- गर्म लाल और सूखी त्व चा, मतली या उल्टी, बहुत तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐठन, सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज होना, घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिरदर्द।

लू तापघात से प्रभावित व्यक्ति का प्राथमिक उपचार हमें नि न तरीके से करना चाहियें जैसे- रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लिटा दें एवं हवा करे। रोगी के बेहोश होने की स्थिति में कोई भी भोज्य/पेय पदार्थ ना दे एवं तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। रोगी के होश में आने की दशा में उसे ठण्डे् पेय पदार्थ जीवन रक्षक घोल, कच्चो आम का शर्बत (पना) आदि दें। रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिये यदि संभव हो तो उसे ठण्डे पानी की पट्टियां रखकर पूरे शरीर को ढंक दें। इस प्रक्रिया को तब तक दोहरायें जब तक की शरीर का ताप कम नहीं हो जाता।इसके बाद भी लू से पीढ़ित व्यक्ति की हालत में सुधार न हो तो उसे तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में लें जाये।

उक्त उन्मुखीकरण कार्यशाला में जिला स्वास्थ्य अधिकारी-2 डॉ. आर.के.धुर्वे, जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. वंदना कमलेश, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. शैलेष डहेरिया, आईडीएसपी डाटा मैनेजर श्रीमति शिखा मेश्राम, पीयर सर्पोटर आफरीन बानो तथा विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश की पात्रता वाले बच्चों को आवंटित स्कूलों में लेना होगा प्रवेश

सिवनी यशोः- जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार गुरूवार 14 मार्च 2024 को आरटीई ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से प्रदेश के मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश हेतु बच्चों की च्वाइस एवं पात्रता अनुसार स्कूल का आवंटन किया गया है।

जिले में कुल सत्यापित 1324 आवेदनों में से प्रथम चरण में 1119 बच्चों सीट आवंटित की हुई हैं। जिन बच्चों के द्वारा आवेदन किया किया गया था, वे आरटीई पोर्टल से आवंटन की स्थिति चेक कर सकते है एवं जिन बच्चों को स्कूल का आवंटन हुआ है वे आरटीई पोर्टल से आवंटन पत्र डाउनलोड करके 15 मार्च से 22 मार्च 2024 तक आवंटन पत्र के साथ आवंटित स्कूल में प्रवेश ले सकते है।

प्रवेश हेतु उपस्थित होने पर संबंधित स्कूल द्वारा आरटीई मोबाइल एप से एडमिशन रिपोर्टिंग करना अनिवार्य है` योकि जिन बच्चों की मोबाइल एप से एडमिशन रिपोर्टिंग नही होगी उनका प्रवेश मान्य नही होता है, अतः बच्चे के स्कूल में उपस्थिति के समय ही स्कूल प्रधान द्वारा मोबाइल एप से फोटो लेना एवं पालक को प्राप्त ओटीपी के माध्यम से एडमीशन रिपोर्टिंग अवश्य किया जावे। स्कूल द्वारा एडमीशन रिपोटिंग करने की अंतिम तिथि 22 मार्च 2024 है। बच्चे यदि प्रथम चरण में आवंटित स्कूल में प्रवेश नही लेना चाहते है तो जिन स्कूलों में सीटें रिक्त रह जायेगी उन स्कूलों की च्वाइस दर्ज कर सकेंगे।

## फग्गनसिंह कुलस्ते का दौरा कार्यक्रम

सिवनी यशोः- केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते प्राप्त अधिकृत कार्यक्रमानुसार शनिवार 16 मार्च को प्रातः 11 बजे लखनादौन पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा कार्यक्रम उपरांत श्री कुलस्ते केवलारी विकासखंड के ग्राम पलारी पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा कार्यक्रम उपरांत सिवनी से मण्डला के लिए प्रस्थान करेंगे

## कोतवाली पुलिस व्दारा सटोरियों पर की गई ताबड़तोड़ कार्यवाही

सिवनी यशोः- पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अवैध सट्टा खिलाने वालों के विरुध्द कार्यवाही करने के लिये आदेशित किया गया था। इसी तारत य में दिनांक 13/3/24 को दौरान भ्रमण के शहर के विभिन्न स्थानों पर सट्टा खिलाने वाले 06 आरोपियों पर रेड कार्यवाही कर धारा 4(क) म.प्र. पब्लिक गेब्लिंग ऐ ट एवं 109 भा.द.वि. के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

**आरोपी गण** -मनोज बघेल पिता शिवनाथ बघेल उम्र 40 साल निवासी ग्राम घोंटी थाना बंडोल सिवनी, सेवकराम सनोडिया पिता रामनाथ सनोडिया उम्र 45 साल निवासी ग्राम पुलिस कालोनी नगझर सिवनी, मनोज साहू पिता रि खीराम साहू उम्र 36 साल निवासी सडक मोहल्ला ग्राम ढेकी थाना लखनवाडा, अखिलेश पिता बलराम चौधरी उम्र 40 साल निवासी लोनिया थाना कोतवाली सिवनी, संजीव प्रजापति पिता झाडू प्रजापति उम्र 45 साल निवासी गणेश चौक कहारी मोहल्ला गुरूनानक वार्ड सिवनी, लता कुल्हाड़े पति धनीराम कुल्हाड़े उम्र 45 साल निवासी कर्वे कालोनी सिवनी

**जप्ती मसरूका** - सट्टा पर्ची, डाट पेन, कार्बन, कुल नगदी रकम 4010 रूपये

## विकासखण्ड छपारा एवं लखनादौन में जल जीवन मिशन कार्यो की कले टर ने की समीक्षा



सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने गुरुवार 14 मार्च को छपारा एवं लखनादौन में जल जीवन मिशन की विकासखंड स्तरीय बैठक लेकर योजना अंतर्गत पेयजल आपूर्ति की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामवार पेयजलापूर्ति की व्यवस्था को लेकर सीधे उपस्थित ग्राम सरपंचो एवं सचिवों से चर्चा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान समाने आई समूह एवं एकल नलजल योजनाओ के क्रियान्वयन की धीमी गति पर खासी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कम प्रगति वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही कार्य न करने वाले अनुबंधकर्ताओं को टर्मिनेट करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश पीएचई को दिये। उन्होने समस्याग्रस्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति के सुधार के लिए आवश्यक कार्यवाही जैसे टंकी, पाइप लाइन में सुधार तथा सभी घरों तक पानी पहुँचाने के लिये प पिंग के लिए उच्च क्षमता की मोटर लगाने के निर्देश दिये।

कले टर श्री सिंघल ने घरों में अनाधिकृत रूप से मोटर द्वारा पानी लेने से आखरी छोर के घरों में पानी न पहुंचने की समस्या के समुचित निदान के लिए ग्राम पंचायत के मैदानी अमले को निरीक्षण कर सभी मोटरों को जप्त करने के निर्देश दिये। कले टर श्री सिंघल ने बैठक में उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि नलजल योजनाओं के क्रियान्वयन में विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्या न आये यह सुनिश्चित हो, नलजल योजनाओं के लिए त्वरित रूप से कने शन दिये जायें तथा वोल्टेज संबधी कोई भी समस्या न हों। कले टर श्री सिंघल द्वारा बैठक में उपस्थित सभी सरपंचों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से भी नलजल योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री हिमांशु जैन, कार्यपालन यंत्री पीएचई श्री अरूण श्रीवास्तव, प्रबंधक जल निगम श्री परधान सहित पीएचई एवं जलजीवन मिशन के मैदानी अमले एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

## दावा आपत्ति आमंत्रित

सिवनी यशोः- परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास छपारा ने बताया कि खण्ड स्तरीय चयन समिति के द्वारा आँगनबाडी केन्द्र नगरपरिषद छपारा-04 (कोरी वार्ड), घोघरी, रायगढ, गोरखपुर तथा सुकरी में रिक्त आँगनबाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए अनन्तिम एवं वरीयता सूची जारी की गई है। उपरोक्त के विरूद्ध किसी भी अ यर्थी को कोई आपत्ति हो तो सप्रमाण दावे / आपत्ति परियोजना कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के उपरान्त दावे / आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी। विस्तृत जानकारी कार्यालय परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना, छपारा से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती हैं।

## नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम को घर-घर तक पहुंचाने के लिए रथ तैयार

सिवनी यशोः- सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारी संस्थान के बीच नशा मुक्त भारत अभियान का गठबंधन हुआ । इसी के तहत ब्रह्माकुमारी संस्थान के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम को घर-घर तक पहुंचाने के लिए रथ तैयार किया गया है ,जो कि नशा मुक्ति प्रदर्शनी से सजा हुआ है। इस रथ में कुंभकरण शो भी बनाया गया है। जिसमें ब्रह्माकुमारी बहन नशे में सोए हुए कुंभकरण को जगा रही है । यह शो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है ,जिसे देखने के लिए सभी दौड़े दौड़े आते हैं। और साथ ही गाड़ी के दूसरे साइड एलसीडी प्रोजे टर भी लगा हुआ है । जिसके माध्यम से नशा मुक्ति के लिए नशे से होने वाले नुकसान और नशा कैसे छोड़ा जाए, इसके लिए मोटिवेशनल वीडियो दिखाए जाते हैं ,और लोगों को कहा जाता है कि यह केवल एक दिन देखने से नहीं होगा , इसके लिए आपको राजयोगी लाइफस्टाइल बनानी होगी ।तब ही नशा से मुक्त हुआ जा सकता है। इस तरह यह अभियान चल रहा है ।ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा नवनिर्मित यह रथ दिल्ली से सिवनी पहुंच चुका है। जिसका शुभारंभ माननीय सांसद महोदय डॉ टर ढालसिंह बिसेन जी एवं ब्रह्माकुमारी संस्थान की जिला प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी, ब्रह्मा कुमारी गीता दीदी ,ब्रह्मा कुमारी नीतू दीदी ,प्राकृतिक खेती के युवा प्रेरक अंकित मालू जी , रूपेश मिश्रा जी एवं अन्य वरिष्ठ जनों की उपस्थित मे हरी झंडी दिखाकर संपन्न हुआ।




## निर्वाचन संबंधी सभी प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर नियुक्त

सिवनी यशोः- आगामी लोकसभा 2024 के मददेनजर कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने आदेश जारी कर स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स डॉ. एम.सी.सनोडिया प्रोफेसर शास.स्नात्कात्तर महाविद्यालय सिवनी, श्री हरवंश सिंह व्या याता, शास. उत्कृष्ट विद्यालय लखनादौन तथा श्री शिवशंकर सनोडिया व्या याता शास. उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी को जिला स्तर पर आयोजित होने वाले समस्त प्रशिक्षणों के लिए नियुक्त किया है। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की नियुक्ति मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी के मार्गदर्शन में की जावेगी।

## वैश्य महास मेलन सिवनी ईकाई की नई कार्यकारिणी गठित



सिवनी यशोः- संरक्षक द्वय सुदर्शन बाझल, नरेश दिवाकर (डी.एन.) एवं संभागीय अध्यक्ष मनीष अग्रवाल के मार्गदर्शन में फेडरेशन के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नई कार्यकारिणी का गठन विगत दिवस श्री डी.पी. साहू के कार्यालय में आयोजित बैठक में किया गया है. जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश सराफ, जिला प्रभारी संजय कुमार मालू व जिला अध्यक्ष श्री डी.पी.साहू, उपाध्यक्ष अजय सूर्यवंशी एवं दीपक अग्रवाल, महासचिव लालमणिन्द्र (लालू) राय, सहसचिव आयुष सिंघानिया, कोषाध्यक्ष मुकेश चौरसिया, मीडिया प्रभारी अनिल डंभारे एवं कार्यकारिणी सदस्यों में अरविंद वार्ष्णेय, गणेश गुप्ता, सुबोध बाझल, पापे चौरसिया, अनिल पटवा, सुनील साहू, अंकित नाहर, अनिल सोनी को नियुक्त किया गया है.

जिला अध्यक्ष श्री डी.पी.साहू ने कहा कि इस अवसर पर वैश्य महास मेलन के कार्य को करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ उपस्थित हो सहयोग प्रदान करेंगे तथा मिशन को आगे बढ़ने के लिए तन मन धन से तैयार रहेंगे. साथ ही इस अवसर पर भोपाल में बनने जा रहे वैश्य महास मेलन केनिर्माणाधीन भव्य भवन के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई तथा इसके निर्माण में लगने वाली राशि हेतु अपनी सहभागिता निभाने की अपील सदस्यों से की गई.

अध्यक्ष श्री साहू ने आगामी 09 अप्रैल वैश्य दिवस (चैत्र प्रतिपदा) को धूमधाम से मनाने हेतु इस अवसर पर निकलने वाली रैली को भव्यता प्रदान करने हेतु आपस में विचार विमर्श किया तथा इसकी रुपरेखा बनाते हुए विभिन्न कार्यों के लिए जि मेदारी भी सौंपी गई.

## खुशी खुशी कर दो विदा.. मातृ शक्ति संगठन की एक और अनूठी पहल

सिवनी यशोः- विकास के पथ पर अग्रसर देश और इस देश की नींव में समाए अमर शहीदों की स्मृतियों को सँजो कर रखने के लिए मातृ शक्ति संगठन ने एक और अनूठी पहल का शुभारंभ किया है।

यह एक कटु सत्य है कि 365 दिन में कोई एक दिन भी खाली जाता हो जब देश की सुरक्षा में किसी माँ की कोख सूनी ना हुई हो या किसी बहन की माँग का सिंदूर ना पोंछा गया हो।

इसी तारत य में राष्टीय पटल पर अपनी पहचान बनाने वाले मातृ शक्ति संगठन द्वरा 17 वर्षों से आयोजित किए जाने वाले राष्टीय कार्यक्रम शौर्य का स मान में देश भर के लगभग ..... परिवार सिवनी की पावन धरा पर आ चुके हैं। अब ये परिवार सिर्फ शहीदों के परिवार ही नहीं बल्कि मातृ शक्ति संगठन का एक अहम हिस्सा भी बन चुके हैं जिनके हर सुख दुःख की खबरें संगठन को लगातार मिलती रहती हैं। अब ऐसा कैसे हो सकता है कि इन परिवारों में बेटियों के विवाह हों और वो संगठन को आमंत्रित ना करें।



अमर शहीद की बेटी हो या बहन देश के विभिन्न राज्यों से ये आमंत्रण आते हैं एवं संगठन की कोशिश भी होती है कि हम उस आँगन तक पहुँच सकें और पहुँचते भी हैं। किंतु हर बार पहुँच पाना संभव नहीं हो पाता है। अतः संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक में यह फैसला लिया गया कि हम शहीद जवान की बेटी या बहन के विवाह में उपस्थित ना हो पाए तो इन बेटियों के लिए एक शादी के जोड़े के साथ श्रंगार की सामाग्री शुभकामना संदेश सहित कोरियर से भेजी जाएगी।

इस वर्ष मार्च , अप्रैल में बेटियों के विवाह उपलब्ध पर तीन राज्यों में शादी के जोड़े व श्रंगार सामाग्री भेजी जा रही है इन तीनों की बेटियों के इकलौते भाई शहीद विश्वजीत घोराई (पश्चिम बंगाल) , शहीद गणेश राम कुंजाम (छत्तीसगढ़) एवं शहीद भूषण सताई (महाराष्ट्र) ने देश की सुरक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है।

लाजमी है कि ये बेटियां खुद के विवाह में अपने इकलौते भाइयों की कमी महसूस ना करें ।

संगठन इस कमी को पूरा तो नहीं कर सकता किंतु इस अवसर पर उनके साथ खड़े रहने का एक प्रयास जरूर कर सकता है।

संगठन को विश्वास है कि शादी के ये जोड़े उन बहनों के जीवन मे भाइयों की कमी को पूरा करने का एक माध्यम अवश्य बनेंगे।

## धूमा पुलिस द्वारा कत्लखाने जा रहे गौ-वंश पकड कर आरोपीयों के विरूद्ध की कार्यवाही

सिवनी यशोः- पुलिस अधीक्षक सिवनी राकेश कुमार सिंह द्वारा जिले मे हो रहे अवैध गौ-वंश परिवहन के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु जिले के सभी थाना प्रभारीयो को आदेशित किया गया था। आदेश के पालन में थाना स्तर पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। दिनांक 14.03.2024 की दरमियानी रात को मुखबिर द्वारा थाना धूमा स्टाफ को सूचना मिली कि गोटेगांव तरफ से महेन्द्रा मै स पीकप वाहन क्र. स्क्र20रु2966 मे गौवंश को बगैर घास चारा भूसा दिये` रूरता पूर्वक परिवहन कर ले जा रहै है सूचना पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी श्री जी डी शर्मा के निर्देशन मे तथा श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महोदय लखनादौन श्री अपूर्व भलावी के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी धूमा ने तत्काल पुलिस टीम तथा स्टाफ को गौ-वंश की सूचना पर शिवहरे होटल मोहगांव बायपास तिराहा में नाकाबंदी की गई। जो पीकप वाहन क्रं. स्क्र20रु2966 गोटेगांव तरफ से आती हुई दिखी। जो उक्त पीकप वाहन का चालक वाहन को तेज र तार में चलाकर भागने का प्रयाश करने लगा। जिसे हमराह स्टाप के स्टापर लगाकर बमुसकिल रोका गया। जो महेन्द्रा पीकप वाहन क्र. स्क्र20रु2966 के चालक एवं उसके साथी का नाम पता पुछने पर चालक ने अपना नाम दुर्गेश पिता पुरुषोत्तम झारिया उम्र 32 वर्ष निवासी ग्वारी थाना धनौरा जिला सिवनी तथा उसके साथी ने अपना नाम भागचन्द पिता जगदीश चौधरी उम्र 40 वर्ष निवासी खोबीदेवरी थाना गोटेगाँव जिला नरसिंहपुर का होना बताये। पीकप वाहन जिसका डाला त्रिपाल से ढका हुआ था। पीकप वाहन में तलाश करने पर गौवंश नाटे पाये गये। आरोपी पीकप वाहन में मौके पर पीकप के डाला की त्रिपाल हटवाकर गौवंश मवेशी की गणना करवाई गई पीकप वाहन में काले, सफेद, काला - सफेद नाटे- नाटे` रूरता पूर्वक रस्सीयों से बंधे हुये सभी कृषि योग्य पशु प्रतीत हुये। पीकप वाहन के डाला में 01 नग काला- सफेद, 01 नग काला, 06 नग सफेद कुल 08 नग नाटे पाये गये। जिनको रस्सीयों से `रूरता पूर्वक बांधकर कृषि योग्य पशुओ को वध करने की नियत से बिना चारा, पानी, भूसा के बिना क्रय विक्रय के दस्तावेजो के ले जाते हुये पाये गये। मौके पर समक्ष हमराही गवाहान मौका पंचनामा एवं हुलिया पंचनामा तैयार किया। पीकप वाहन में 08 नग नाटो की किमत लगभग 50,000 रू/- तथा महेन्द्र बुलेरो पीकप वाहन की किमत लगभग 7,00,000 रू/- होगी। पकडे गये पीकप वाहन का चालक आरोपी एवं उसके साथी आरोपी, पीकप वाहन, गौवंश मवेशी एवं हमराह स्टाफ मय थाना मोबाईल के मौके की कार्यवाही कर थाना वापस आकर पीकप वाहन के डाला में पाई गई गौवंश एवं महेन्द्रा मै स पीकप वाहन को बिना दस्तावेजो के जप्त किया। आरोपीयो को धारा 27 साक्ष्य अधिनियम के हिकमतअमली से कथन लेख किया। जो आरोपीयो ने अपने अपने कथनो में बताया कि गोटेगाँव जंगल से लावारिस गौवंश को पीकप वाहन में भरें थे जिन्हे नागपुर कत्लखाने ले जा रहे थे। आरोपीगणो के द्वारा गौवंश क्रय - विक्रय करने की रशीद दस्तावेज पेस नही करने तथा गौवंश का` रुरतापुर्वक परिवहन करने से आरोपीगणो का कृत्य अपराध गौवंश धाराओं का पाया जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।



उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी धूमा सतीश उइके, प्र. आर. 338 राधेकृष्ण उपाध्याय, आर. 617 सतीश ठाकुर, आर. 489 अरूण पटेल, आर. 500 रवि यादव, आर. 109. जितेन्द्र सोनी का सराहनी योगदान रहा।

**अप.क्र.**- 99/2024 धारा - 4,6,9 गौवंश, 6(ग),7,10कृ,पशु परि. अधि., 11 (1) (घ) पशु के प्रति. क्रूर.निवा, अधि 66/192 मो.या.

**जप्ती** - महेन्द्रा मै स पीकप वाहन क्र. MP20ZL2966 तथा 08 नग मवेशी जुमला किमती करीबन 07,50,000/- रूपये ।

**आरोपी**- दुर्गेश पिता पुरुषोत्तम झारिया उम्र. 32 वर्ष निवासी ग्वारी थाना धनौरा जिला सिवनी, भागचन्द पिता जगदीश चौधरी उम्र 40 वर्ष निवासी खोबीदेवरी थाना गोटेगाँव जिला नरसिंहपुर शामिल है।

## थाना बाजाडांडी पुलिस की कार्रवाई, 03 किलों गांजा के साथ एक आरोपी गिर तार



मंडला यशोः- थाना बिजाडांडी पुलिस को दिनांक 11/03/2024 को प्राप्त गांजा की सूचना पर टीम गठित कर आरोपी कमलेश सिंगरौरे पिता सूरज सिंगरौरे उम्र 40 वर्ष निवासी बरबसपुर थाना टिकरिया के कब्जे से 03 पैकेटो में कुल 03 किलो गांजा कीमती 33,000/- एवं टीवीएस मोटर साईकिल क्रमांक स्न्क्क20 ह्वङ्ग0347 कीमती 30,000/- रुपये , कुल मशरुका 63000 रुपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना बीजाडांडी मे अपराध क्रमांक 54/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस ऐ ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी बीजाडांडी निरीक्षक अंतिम पंवार की टीम जिसमें उनि मानिक पटले, सहायक उप निरीक्षक छबि लाल सूर्यवंशी,सहायक उप निरीक्षक रंजीत सिंह सरैया, प्र.आर. संतलाल उइके, प्रधान आरक्षक रविन्द्र मरावी, आर. कैलाश उपाध्याय, आर प्रशांत अवस्थी, आर रोहित कुशवाहा, आर संदीप मेवडा, चालक आरक्षक विजय शामिल रहें की विशेष भूमिका रही ।

# कार्यों में मानक स्तर एवं समय सीमा का ध्यान रखें – डॉ. सिडाना

## कले टर ने किया सड़क चौड़ीकरण, रेवांचल पार्क एवं गोकुलधाम तालाब के सौन्दर्यीकरण तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट आदि कार्यों का निरीक्षण





मण्डला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बुधवार को जिला मु यालय में नगरपालिका परिषद द्वारा कराए जा रहे सड़क चौड़ीकरण, रेवांचल पार्क एवं गोकुलधाम तालाब के सौन्दर्यीकरण तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट आदि कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कार्यों को बेहतर गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

नेहरू स्मारक से बिंझिया, बिंझिया से बड़चौराहा, बड़चौराहा से नेहरू स्मारक तथा महाराजपुर में किए जा रहे सड़क चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कले टर डॉ. सिडाना ने निर्देशित किया कि कार्यों में मानक स्तर का ध्यान रखें। कार्यों को उचित गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि पर पूरा करें। नगरपालिका का तकनीकि अमला कार्यों की सघन मॉनिटरिंग करें। इस संबंध में उन्होंने साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक कले टर रवि कुमार सिहाग, मु य नगरपालिका अधिकारी गजानंद नाफड़े सहित संबंधित उपस्थित रहे।

**सड़कों पर दुकानें न लगाने की समझाईश दें**

भ्रमण के दौरान कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि नगरपालिका सुनिश्चित करे कि सड़कों पर दुकानें न लगें। सड़कों पर व्यापारियों को सामान न रखने दें। इस संबंध में उन्होंने मु य नगरपालिका अधिकारी को राजस्व तथा पुलिस विभाग के सहयोग से लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। व्यापारियों को समझाईश दें कि नगर की यातायात सहित अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए सड़कों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें।

**थीम के आधार पर विकसित करें रेवांचल पार्क**

रेवांचल पार्क में किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए कले टर ने कहा कि पार्क को थीम के आधार पर योजनाबद्ध रूप से विकसित करें। निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री तथा उपकरणों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। कले टर ने कहा कि पार्क में वॉकिंग पाथ विकसित करें, थीम आधारित पेंटिंग कराएं, हरी घांस लगाएं, आकर्षक लाईटिंग की व्यवस्था करें। उन्होंने रेवांचल पार्क में जिम के उपकरण लगाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

**तालाब सौन्दर्यीकरण की बेहतर योजना बनाएं**

कले टर डॉ. सिडाना ने महाराजपुर की गोकुलधाम सोसायटी के तालाब में किए जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि तालाब सौन्दर्यीकरण के लिए बेहतर योजना तैयार करें, तकनीकि पक्ष पर विशेष ध्यान दें। तालाब के निकट पाथ वे बनाएं तथा मनमोहक आकर्षक लाईटिंग का प्रावधान रखें। योजना में वृक्षारोपण तथा हरी घांस को भी शामिल करें। कले टर ने कहा कि गोकुलधाम तालाब के सौन्दर्यीकरण से नगरवासियों समय बिताने के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध हो सकेगा।

**सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा पंपिंग हाऊस का निरीक्षण**

कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने सीवरेज प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि श्रमिक तथा मशीनों की सं या बढ़ाते हुए कार्य को जल्द पूरा करें तथा 2 माह में प्लांट को प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। प्लांट की प्रत्येक यूनिट के लिए पृथक-पृथक टीम रखें। निर्माण कार्य के साथ-साथ विद्युत ट्रासफॉर्मर लगाने की कार्यवाही तथा आंतरिक विद्युतीकरण का कार्य भी जारी रखें। नगरपालिका के इंजीनियर कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करें तथा कार्य की प्रगति से नियमित रूप से अवगत कराएं। सीवरेज प्लांट के दौरान सड़कों पर हुए नुकसान का सुधार कार्य जल्द पूरा कराएं। भ्रमण के दौरान कले टर ने पंपिंग हाऊस का भी निरीक्षण किया।

**सफाई व्यवस्था को ठीक करें**

नगर भ्रमण के दौरान कले टर ने नगर की सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि घर-घर कचरा संकलन पर ध्यान दें। लोगों को गाड़ियों में ही कचरा डालने के लिए प्रेरित करें। सुनिश्चित करें कचरा गाड़ियां अपने रूटचार्ट एवं समय का पालन करें। सड़कों पर कचरा फेकने वाले व्यक्तियों पर जुर्माने की कार्यवाही करें। उन्होंने नगर की सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं आने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# थाना बम्हनी बंजर पुलिस ने चोर को जबलपुर से किया गिरफ्तार, आरोपी ने मोबाईल एवं पंप की चोरी की घटना को दिया था अंजाम

**ब हनी बंजर पुलिस ने 12 घंटे में चोरी का किया खुलासा, आरोपी से 05 मोबाईल व 1 पंप जप्त**




मंडला यशोः- थाना ब हनी बंजर में दो अलग अलग स्थानों व घटनाओं की रिपोर्ट प्राप्त की गयी। प्रथम घटना में ग्राम चिरईडोंगरी थाना ब हनी जिला मण्डला में किराये से रहकर कंबल बेचने का काम करने वाले व्यक्ति द्वारा की गयी जिसमें उसकी एवं उसके अन्य साथी के मोबाईल दिनांक 09.03.24 को रात्री में चार्ज में लगे मोबाईल 05 नग विभिन्न विवो, वन प्लस, टे नो, ओपो, रेडमी अलग-अलग मोबाईल कंपनी के मोबाईल जिसकी कीमत करीबन 80.000/- हजार रूपये के अज्ञात चोर द्वारा रात्री में घर पर प्रवेश कर चोरी कर ले गया। दुसरी घटना में रिपोर्टकर्ता शिव नारायण निवासी जहरमऊ के द्वारा कृषि भूमि ग्राम जहरमऊ नाला के पास फालकन कंपनी काले कलर की दो एच. पी. की सिचाई कार्य हेतु खेत में लगवाये गये पंप को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पाईप काट कर चोरी कर ले गया है।

उक्त दोनों रिपोर्ट पर से थाना ब हनी बंजर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध विरुध्द अपराध धारा 457,380 एंव धारा 379 भा. द. वि. के तहत पृथक पृथक अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नैनपुर के निर्देशन पर थाना प्रभारी ब हनी बंजर के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित कर अज्ञात चोर एंव चोरी गये मोबाईल एवं सिचाई पंप की तलास पता साजी हेतु त्वरित कार्यवाही कि गयी। टीम द्वारा चोरी की घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। इसी दौरान सायबर सेल से प्राप्त तकनिकी जानकारी के आधार पर पुलिस टीम को जबलपुर रवाना किया गया। प्राप्त जानकारी के आधार पर टीम द्वारा आरोपी दुर्गेश पिता गुलाब डेहरिया उम्र 18 साल साकिन चरगांव छिछारी चौकी टाटरी थाना खटिया जिला मण्डला को चोरी गये मोबाईल के सहित गवारी घाट जिला जबलपुर में पकड़कर आरोपी से उक्त मोबाईल 05 नग जप्त किया गया। टीम द्वारा आरोपी से चोरी की अन्य घटना के विषय मे सुक्ष्मता से पुछताछ करने पर सिचाई की 02 एच.पी. की मोटर चोरी कर घर में छिपाकर रखना बताया उक्त सिंचाई पंप को भी आरोपी से जप्त किया गया है। आरोपी द्वारा दोनो चोरी की घटना कारित करना स्वीकार करने पर आरोपी को गिर तारी कर माननीय न्यायालय मण्डला प्रस्तुत किया गया है।

उक्त कार्यवाही में निरी. वर्षा पटैल थाना प्रभारी ब हनी, उप निरी. बलदाऊ पटैल, सउनि भीमराव कनौजे, प्र.आर. विवेक दुबे, प्र.आर. सचिन, प्र.आर. इंदर सिंह, आर.क्र. धीरेन्द्र तेकाम, आर.क्र. कुनाल, आर. क्रं. भागवल, आर. सूर्यचंद, सुरेश भटेरे सायबर सेल मंडला की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## भारी जन समुदाय के साथ ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति अध्यक्ष अनूप सिंह बैस ने नागपुर सीधी ट्रेन का किया स्वागत

बालाघाट। बालाघाट जगप्रेरणा वर्षो के संघर्ष एवं आंदोलन के फल स्वरुप अंततोगत्वा बालाघाट से वारासिवनी कटंगी तिरोड़ी तुमसर भंडारा इतवारी के लिए सीधी ट्रेन प्रारंभ हो गई उक्त अवसर पर ब्रॉडगेज रेल संघर्ष समिति के सैकड़ो की सं या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने अध्यक्ष अनूप सिंह बैस के नेतृत्व में गगन भेदी नारों के साथ जहां एक ओर ट्रेन का स्वागत किया वहीं इसे जनता की जीत बताया, उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्षो से हम लगातार बालाघाट से वारासिवनी होते हुए नागपुर की एवं तिरोड़ी से रायपुर की सीधी ट्रेन की मांग कर रहे हैं जिसमें आज हमें एक मांग की सफलता प्राप्त हुई है लेकिन यह जो ट्रेन प्रारंभ हुई है , जनउपयोगी समय पर संचालित नहीं हो रही है जिसके लिए आवश्यक है कि यह ट्रेन सुबह 6:00 बजे बालाघाट से प्रारंभ होकर तथा शाम 7:00 बजे नागपुर से वापसी हो ताकि इसका सीधा-सीधा लाभ व्यापारियों , मजदूरों एवं नागपुर जाने वाले मरीजों को हो सके । बालाघाट रेलवे स्टेशन में हुए इस आयोजन के पश्चात ब्राडगेज संघर्ष समिति के कार्यकर्ता इस ट्रेन से वारासिवनी पहुंचे जहां राहुल गांधी विचार मंच जिला अध्यक्ष जावेद अली विशिष्ट अथिति भुवन लोहार (सेवादल जिला उपाध्यक्ष) गोविल चौरे(जिला अध्यक्ष बेरोजगार प्रकोष्ठ) अयान खान(विधासभा अध्यक्ष अल्पसं यक विभाग) आशीफ भाई राजेश कोलते7के नेतृत्व में अनूप सिंह बैस का फूल मालाओं से स्वागत किया गया ,तत्पश्चात कटंगी अध्यक्ष पवन अग्रवाल के नेतृत्व में कटंगी में ट्रेन का स्वागत किया गया तथा तिरोड़ी में तिरोड़ी के अध्यक्ष फैयाज अंसारी के नेतृत्व में संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने गगन भेजी तारों के साथ ट्रेन का स्वागत किया, उक्त अवसर पर विक्रम पांडे, राहुल सिंह बैस,श्याम पंजवानी,सूरज वादगुनेरे, राजा नगपुरे, शब्बीर पटेल, नितिन राउत, बादल बिसेन,अमन वासनिक, हिमांशु वासनिक, राजू अहिरवार ,खेमू कोचर, विजय गुप्ता, अनिल कनौजे, चन्द्र कांत बिसेन, देवेन्द्र कोचर, बिन्दु अग्रवाल, गणेश चौधरी एवं सैकड़ों की सं या में नागरिक उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री ने किया प्रधानमंत्री सूरज पोर्टल का शुभारंभ



मंडला यशोः- पीएम सूरज पोर्टल का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। उन्होंने पीएम सूरज पोर्टल की उपयोगिता से अवगत कराते हुए हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद किया। इस अवसर पर टाऊनहॉल मंडला में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग लालशाह जगेत, एलडीएम सुजय कुमार, क्षेत्रीय संयोजक रंजीत गुप्ता, वित्त विकास निगम श्री शर्मा, गणमान्य नागरिक, संबंधित कर्मचारी तथा हितग्राही उपस्थित थे।

कार्यक्रम में भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये गए। साथ ही नमस्ते योजना के तहत सफाईकर्मियों को पीपीई किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

## कले टर ने जनसुनवाई में सुनी 110 आवेदकों की समस्या



मंडला यशोः- प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई में 110 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने योजना भवन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके जल्द निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान सीइओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कले टर हुनेन्द्र घोरमारे तथा संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

स पन्न हुई जनसुनवाई में स्वामी सीताराम वार्ड निवासी फूलवती बाई बैरागी ने आधार कार्ड बनवाने, ग्राम सकवाह निवासी लालू कछवाहा ने कोटवार पद की नियुक्ति, जगनाथर निवासी भजनलाल ने बटवारा आदेश की प्रति प्रदान करने, ग्राम खैरी निवासी अमित चौरसिया ने सीमांकन, पदमी निवासी राजू धनगर ने पीएम स मान निधि योजना का लाभ दिलाने, देवगांव निवासी सतीष बैगा ने वनाधिकार पट्टा दिलाने, ग्राम परसवाड़ा निवासी अनीता यादव ने क्षतिपूर्ति की राशि दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया।

**रजनी झारिया की समस्या का हुआ त्वरित निराकरण**

जनसुनवाई में ग्राम रामनगर निवासी रजनी झारिया अपने गोद लिए बच्चे ओम झारिया के जन्म प्रमाण पत्र में नाम संशोधन करवाने की मांग को लेकर पहुंची। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना के निर्देशानुसार पात्रता की जांच कर रजनी झारिया को मौके पर ही नवीन जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। रजनी ने अपनी समस्या के त्वरित निराकरण के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

**कुंती भारतीया को मिली बैसाखी**

जनसुनवाई में ग्राम कठोतिया की दिव्यांग कुंती भारतीया ने अपनी समस्या से संबंधित आवेदन दिया। कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से पात्रता की जांच कराकर दिव्यांग कुंती भारतीया को बैसाखी प्रदान की।

## विश्व उपभोक्ता दिवस पर कार्यशाला 15 मार्च को

मंडला यशोः- विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर उपभोक्ताओं को जागरूक करने हेतु जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मण्डला के सभाकक्ष में 15 मार्च 2024 को दोपहर 1 बजे से उपभोक्ता हितों पर जानकारी एवं समस्याओं के निराकरण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया है। संबंधितों से कार्यशाला में उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

## तेज आवाज में बज रहा डीजे वाहन सहित जब्त

मण्डला यशोः- 12 मार्च को थाना प्रभारी महाराजपुर पुलिस द्वारा अत्याधिक तेज आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्र (डीजे) बजाने की सूचना पर मानादेही में एक डीजे बजाते व्यक्ति जो अपने 407 वाहन टाटा वाहन क्रं. एमपी 20 जीए 8301 में डीजे बॉ स बांधकर पार लाईट लगाकर जनरेटर के माध्यम से ध्वनि विस्तारक यंत्र (डीजे) अत्यधिक तेज आवाज में बजाते मिला। पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी नीतेश पिता अमरदास मेश्राम उम्र 38 वर्ष निवासी ज्वालाजी वार्ड थाना महाराजपुर जिला मंडला का कृत्य विधि विरूद्ध पाये जाने से मौके पर ही एक सफेद रंग की टाटा 407 वाहन क्रं, एमपी 20 जीए 8301 एवं उसमें लगा डी.जे सिस्टम को जब्त कर थाना महाराजपुर में मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उ क्त कार्यवाही थाना प्रभारी महाराजपुर निरीक्षक ममता परस्ते, सउनि कृष्णकुमार चौबे, प्र.आर. संतलाल परस्ते, आर. प्रियांश पाठक, घन्नू यादव शामिल रहे।

## नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति, वापसी, संवीक्षा, प्रतीक आवंटन आदि कार्य के लिए अधिकारी, कर्मचारी नियुक्त

मंडला यशोः- लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मंडला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति, वापसी, संवीक्षा, प्रतीक आवंटन आदि कार्य जिला मु यालय पर संपादित किए जाएंगे। इस संबंध में कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति, संवीक्षा, नाम वापसी, प्रतीक आवंटन एवं नाम निर्देशन पत्रों, शपथ पत्रों की जानकारी निर्धारित सॉ टवेयर, यूआरएल में आयोग को प्रेषित करने, अपलोड करने, अन्य सां यकी जानकारियाँ तैयार करने आदि कार्यों में सहयोग हेतु अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। उक्त कार्य के लिए लेखापाल रमेश विश्वकर्मा, सहायक ग्रेड 2 शैलेन्द्र झा, पंचायत समन्वयक बीएल चौधरी, सहा.ग्रेड 3 प्रेमलाल हरदहा, लोकेश कुमरे एवं आदित्य चौहान, ई गवर्नेंस मैनेजर पुष्पा तेकाम, सहा. ई गवर्नेंस मैनेजर रेशम वरकड़े एवं मोहेन्द्र चौधरी, डाटा एंट्री ऑपरेटर रोहित पांडे एवं युवराज सोमकुंवर तथा भृत्य प्रेमलाल यादव, रमेश प्रसाद यादव एवं संजय कुमार दुबे को आदेशित किया गया है।

## 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

मंडला यशोः-अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मंडला ने ग्राम कोटासांगवा निवासी रमली बाई की 21 दिसंबर 2023 को पानी में डूबने से मुत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारसान के रूप में पुत्री प्रतिज्ञा को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता की राशि स्वीकृत की है।

# घुघरी जनपद अध्यक्ष सहित 11 जनपद सदस्यों ने ली भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता

## कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने दिलाई भाजपा की सदस्यता।

**कांग्रेस विधायक के गृह क्षेत्र के सदस्यों ने ली भाजपा की सदस्यता।**




मंडला यशोः- कांग्रेस और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जनप्रतिनिधियों का लगातार भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने का क्रम जारी है नैनपुर नगर पालिका अध्यक्ष और बिछिया नगर पंचायत अध्यक्ष ने पार्षदों के साथ पूर्व में भाजपा में शामिल हुए मंडला लोकसभा क्षेत्र की` लस्टर प्रभारी मध्य प्रदेश शासन के मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के आगमन के दौरान घुघरी जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती जानिया बाई मरावी सहित कांग्रेस ,गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के 11 जनपद सदस्यों ने विधिवत भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता मंडला में आयोजित कोहोट मिलन कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री फग्गन सिंह सिंह कुलस्ते भाजपा जिला अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी के समक्ष ग्रहण की। भारतीय जनता पार्टी के जिला स्तरीय कार्यक्रम के मंच में सभी सदस्यों जिसमें श्रीमती जानिया बाई मरावी अध्यक्ष जनपद घुघरी, इंद्रावती सोनवानी शिवकली मरावी, सविता मरावी, सुनीता उडाली अनीता मरकाम शिवकुमारी मरावी मुकेश मरकाम सेवकराम साहू कलीराम धुर्वे भारत लाल नंदा,नीरज सिंह को पुष्प माला, पार्टी का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया, इस अवसर सभी सदस्यो ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर खुशी जाहिर की।इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी ने कहा कि बिछिया विधानसभा क्षेत्र से बड़ी सं या में कांग्रेस के जनप्रतिनिधों कार्यकर्ता ,पदाधिकारी लगातार भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले रहे है यह क्रम निरंतर जारी रहेगा।

## विद्युत वितरण कंपनी को दिया ए ग्रेड

भोपाल। विद्युत मंत्रालय भारत सरकार ने गत दिवस देश भर के 55 बिजली वितरण कंपनियों, सेवा प्रदाता संस्थाओं की ऑल इंडिया रेटिंग सूची जारी की है। केंद्रीय विद्युत मंत्री श्री आर.के. सिंह द्वारा जारी सूची में मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को सूची में ए ग्रेड दिया गया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्यु न सिंह तोमर ने इस उपलब्धि पर कंपनी प्रबंधन, कर्मचारी एवं अधिकारियों को बधाई दी है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक–मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल–yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297